# घग्घर नदी में बढ़ते पानी से सूरतगढ़ में आफत आई

## पानी से बंधे में आया कटाव, प्रशासन ने रंगमहल गांव को खाली करवाया

**सूरतगढ़, (निसं)।** उपखण्ड के गांव रंगमहल में देर रात घग्घर नदी के बहाव क्षेत्र का बंधा टूट गया। कुछ ग्रामीणों ने बंधे को पाटने का भी प्रयास किया मगर वे इसमें नाकाम रहे। क्योंकि कटाव बढ़ता ही चला गया। ऐसे में ग्रामीणों ने सरपंच समेत पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को स्थिति की जानकारी दी। इस बीच बाढ़ का पानी गांव की ओर बढ़ना शुरू हो गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे एएसपी सतनाम सिंह, डीएसपी किशन सिंह बिजारणिया, विक्की नागपाल, सिटी सीआई कृष्ण कुमार, एडीएम अरविंद जाखड़ समेत प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्रामीणों को तुरंत गांव खाली करने के आदेश दिए। साथ ही कटाव को पाटने का काम भी शुरू करवाया।

ग्रामीणों ने बताया कि किसान फूसाराम बाना के खेत और गांव के बीच में करीब दो मुरब्बा भूमि की चौड़ाई में वन विभाग की नर्सरी बनी हुई है। फूसाराम के खेत में पानी के लिए मोघी लगाई हुई थी जो करीब 10 फीट गहरी थी। सबसे पहले इस मोघी में रिसाव हुआ और देखते ही देखते पानी ने बंधे को तोड़ दिया। हालांकि इसे पाटने का भी प्रयास किया, मगर सफलता नहीं मिलने पर फूसाराम ने पड़ोसी खेत के मालिक को आवाज लगाई। जिसके बाद सरपंच समेत गांव के अन्य लोगों को सूचना दी गई। अफरा-तफरी के बीच कुछ लोग सड़क की ओर निकल गए तो कुछ कटाव पाटने के लिए मौके पर आ गए। लेकिन पानी का बहाव तेज होने के कारण सफलता नहीं मिली। ऐसे में गांव और खेत के बीच की दो मुरब्बा भूमि पूरी जलमग्न हो गई। इसके बाद ग्रामीणों ने पूरा जोर गांव की आबादी से सटे बंधे पर लगा दिया जो कि कमजोर और नीचा था। सूचना मिलने के बाद पुलिस और प्रशासन के अधिकारी पहुंचे और अपने प्रयास शुरू किए। इसके बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने गांव को खाली कराने के लिए मंदिर और वाहन से मुनादी करवाई। फूसाराम के खेत में बने फ्रंट लाइन के बंधे में करीब 150 फिट का कटाव आया था।

किसान पाला राम ताखर ने बताया कि रात को प्रशासन ने 5 जेसीबी उपलब्ध करवाई। जिसके बाद गांव के करीब 25 ट्रैक्टर बंधे पर मिटटी लाने के लिए लगाए गए। यह काम सोमवार दोपहर तक भी जारी रहा। प्रशासन की ओर से करीब 1 हजार सीमेंट के खाली कट्टे उपलब्ध करवाए गए। ग्रामीणों ने मिट्टी भर कर कट्टों को बंधे के किनारे लगाया। ग्राम पंचायत रंगमहल के सरपंच विजय सिंह ताखर ने बताया कि गांव के 40-

- **कुछ ग्रामीणों ने बंधे को पाटने का भी प्रयास किया, मगर वे इसमें नाकाम रहे**

50 युवाओं ने विपदा में एकजुट होकर बंधे को मजबूत करने में सहयोग किया। गांव के युवा सोनू ताखर (25) पुत्र पालाराम पूरी रात से अपने स्तर पर ट्रैक्टर और स्वयं का डीजल जलाकर बंधा बनाने में जुटा हुआ है।

सरपंच विजय सिंह ताखर ने कहा कि सोनू ने सूझबूझ दिखाते हुए रात्रि को ही गांव से सटे बंधे पर एक नया और ऊंचा बंधा बनाने का काम शुरू कर दिया था। पूरी रात से लगातार बिना थके ट्रैक्टर की सीट पर बैठा है। सोनू के पिता पालाराम ने बताया कि उनकी प्राथमिकता गांव और ग्रामीण दोनों को बचाना है। इसके लिए अपनी ओर से वे जितना हो सकेगा करने के लिए तैयार है। गांव को खाली करने की मुनियादी के बाद से रात में ही गांव के 80 फ़ीसदी लोग गांव खाली कर जा चुके थे। शेष यहां कुछ बंधे को मजबूत करने में जुटे थे। कुछ घर में पड़े घरेलू सामान की सार संभाल में लगे रहे। हालांकि सुबह कुछ राहत की खबर सुन ग्रामीण घरों को लौट भी आए। मगर फिर भी अनहोनी की आशंका से सोमवार दोपहर तक भी वाहनों पर अपनी जरूरत का सामान लादकर रवाना होते दिखाई दिए।

किसान शीशपाल (28) पुत्र भजननाथ ने बताया कि रात करीब 10 बजे के आसपास गांव को खाली करने की मुनादी सुनाई देने पर वह और अनेक परिवार गांव छोड़कर जो भी जरूरत का सामान जल्दबाजी में हाथ लगा उसे लेकर रंगमहल से सटे रेतीले धोरे पर स्थित हनुमान मंदिर और इसके आसपास पहुंच गए। यहां जिसे, जहां, जैसी जगह मिली उसने अपना सामान रख लिया। शीशपाल ने बताया कि गांव का वार्ड नंबर 4 तो पूरा ही खाली हो गया। यहां पर तपती दोपहरी में महिलाएं दोपहर का खाना बनाते नजर आई। उनका घरेलू सामान भी खुले आसमान के नीचे यहां वहां पड़ा था। पेड़ों के नीचे पड़ाव डाले बैठे लोगों ने बताया कि प्रशासन ने उनकी कोई सुध नहीं ली है। ना ही उन्हें किसी तरह की मदद उपलब्ध करवाई है। किसी अधिकारी ने उनके पास आकर उन्हें खाने, रहने की व्यवस्था के बारे में नहीं बताया।

सरपंच विजय सिंह ताखर ने कहा कि वे पहले दिन से कहते आ रहे हैं कि गांव को डूबने नहीं देंगे। इसी प्रयास में वे पूरी रात से मौके पर ही हैं। हर संभव सहायता उपलब्ध करवाने के काम में जुटे हुए हैं। सरपंच ने कहा कि फिलहाल हालात विकट जरूर है मगर नियंत्रण में है। बशर्ते पीछे से घग्गर नदी में पानी और ना चढ़े। उन्होंने फ्लड अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि घग्गर नदी का बहाव बीते कई सालों से लगातार संकरा होता जा रहा है। वर्ष 1988 में भी यहां पर बाढ़ के हालात बने थे। तब पड़ोसी गांव बारेकां समूचा डूब गया था। 1995 में भी स्थिति विकट हो चली थी।

इसके बाद इतने सालों बाद इस बार घग्गर नदी में आए पानी ने यह जता दिया है कि प्रकृति के साथ खिलवाड़ ना करें। घग्घर का जो दशकों पुराना बहाव क्षेत्र था फ्लूड अधिकारी उसे बहाल करें। खेतों में बने अवैध बंधे हटाकर इस नदी का पुराना स्वरूप लौटाएं ताकि ऐसी स्थिति से फिर कभी सामना ना करना पड़े। हालांकि इस काम में एसडीआरएफ की टीम भी मौके पर जुटी रही। फिलहाल सेकंड लेयर के गांव की आबादी के पास बने बंधे को मजबूत करने का काम किया जा रहा है। ताकि पानी गांव में घुसकर घरों को ना नुकसान पहुंचा सके।

# फिरौती मामले में रोहित गोदारा गैंग के तीन गुर्गे गिरफ्तार

## महिला से 80 लाख की फिरौती मांगी थी, पांच जिलों में काटी फरारी

**बीकानेर, (निसं)।** 80 लाख रुपए की फिरौती के लिए महिला को धमकाने वाले रोहित गोदारा गैंग के तीन गुर्गों को पुलिस ने दबोच लिया है। इनमें एक फिरौती मांगने वालों में शामिल था, जबकि दो अन्य पुलिस कार्रवाई से बचाने की कोशिश में जुटे थे। बदमाशों ने खुद को रोहित गोदारा गैंग का सदस्य बताया थाए ऐसे में पुलिस ज्यादा सख्ती के साथ इनको दबोच लिया।

जानकारी के अनुसार सत्रह जून को ट्रांसपोर्टर लक्ष्मीनारायण की पत्नी झमकू देवी को धमकी दी गई। उन्हें बताया कि वो रोहित गोदारा गैंग के सदस्य है और हर हाल में अस्सी लाख रुपए की फिरौती दें अन्यथा उनके बच्चों का किडनैप कर लिया जाएगा। झमकू देवी मूल रूप से लूणकरनसर के खारड़ा गांव की रहने वाली है। अपने बच्चों को पढ़ाने के लिए जयनारायण व्यास कॉलोनी में किराए का मकान लेकर रह रही है। 17 जुलाई की शाम छह बजे तीन युवक झमकू देवी के घर में जबरन घुस गए थे। महिला को डराया और गैंगस्टर रोहित गोदारा से फोन पर बात करवाई। 80 लाख रुपए की फिरौती की मांग की और कहा कि दो दिन में 80 लाख रूपये की व्यवस्था कर लेना नहीं तो तुम्हें व तुम्हारे परिवार को जान से मार देंगे। इस मामले की छानबीन उप निरीक्षक सुषमा को सौंपी गई लेकिन खुद आला अधिकारी इसकी पड़ताल में जुटे रहे।

वृताधिकारी वृत सदर शालिनी बजाज, डीएसटी टीम, साइबर सेल की टीम और जयनारायण व्यास कॉलोनी

- **एक फिरौती मांगने वालों में शामिल था, दो अन्य पुलिस कार्रवाई से बचाने की कोशिश में जुटे थे**

पुलिस की अलग-अलग टीमों ने दिन रात एक करके धमकी देने वालों का पता लगाया। सीसीटीवी में आये फुटेज के आधार पर मुल्जिमों का रूटचार्ट तैयार किया गया व फुटेज के आधार पर पुलिस ने डाटाबेस तैयार किया। पुलिस की टीमों ने पूर्व में चालानशुदा अपराधियों से पूछताछ की व संदिग्ध व्यक्तियों पर तकनीकी रूप से कार्य किया। संदिग्ध स्थानों पर रेड की गई। पुलिस टीमों ने बीकानेर के अलावा नागौर, नोखा, जोधपुर, जालोर व सिरोही में छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने 25 हजार रुपए के इनामी बदमाश जेठूसिंह को डीएसटी टीम ने पकड़ लिया। जयनारायण व्यास कॉलोनी थाने के हेड कॉन्स्टेबल विजय सिंह, साइबर सैल के हैड कॉन्स्टेबल दीपक यादव मय टीम ने सिरोही से बदमाशों को शरण देने व तकनीकी उपकरण मोबाइल व अन्य आइटम उपलब्ध करवाने व शरण देने के आरोप में किशोर सिंह को हिरासत में लिया। पीड़िता के चाचा मनोज कुमार सारस्वत को भी पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ की। उसकी भी भूमिका सामने आ रही है।

पुलिस का दावा है कि इस मामले में रोहित गोदारा ने खुद आगे बढ़कर अपने गुर्गों को टारगेट दिया था। वो महिला और उसके पति से लाखों रुपए लेना चाहते थे। गुर्गों को बहुत पहले ये टारगेट दिया गया था लेकिन पुलिस मुस्तैदी के चलते वो कार्रवाई नहीं कर रहे थे। इस बीच उन्हें अधिक आर्थिक लाभ देने की बात कही गई। इस पर रोहित गोदारा के दिए लालच में आकर गुर्गों ने घटना को अंजाम दिया।

घटना को अंजाम देने के बाद स्विफ्ट कार से गांवों के रास्ते से होते हुए घटना में फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर झब्बरसिंह के घर पहुंचे। जहां पर दो दिन रुककर वहां से गांव बूगड़ी के अशोक सिंह से रुपए लेकर ओसियां पहुंच गए। वहां पर दुबारा कार की फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर जोधपुर, पाली, सिरोही होते आबू रोड पहुंच गये। आबू रोड़ कैलाश गेस्ट हाउस में रूक कर आबू रड निवासी किशोर सिंह उर्फ मामू के सहयोग से रुक गए व आगे की वारदात करने की प्लानिंग बना रहे थे। पुलिस ने जेठूसिंह पुत्र भोजुसिंह किशोर पुत्र लालसिंह निवासी आबू रोड जिला सिरोही, मनोज कुमार सारस्वत पुत्र भूराराम को गिरफ्तार किया है। आरोपीयों को शरण देने वालों में सुशील निवासी खारड़, ईश्वर सिंह निवासी साईसर पांचू व अशोक सिंह निवासी गांव बूगड़ी जोधपुर को नामजद किया गया है।

# घग्घर नदी में पानी की तेज आवक से अनूपगढ़ प्रशासन सतर्क

**अनूपगढ़, (निसं)।** क्षेत्र में घग्घर नदी के पानी की आवक गत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष अधिक है, घग्घर नदी का पानी आज सुबह 80 जीबी पहुंच चुका है। विधायक संतोष बावरी ने घग्घर नदी के बहाव क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए ग्रामीणों से घग्घर नदी के पानी को लेकर चर्चा की। विधायक संतोष बावरी ने ग्रामीणों को सावधानी बरतने की भी अपील की है। आज सुबह तक घग्घर नदी में पानी की आवक 1000 से 1200 क्यूसेक तक मानी जा रही है। बताया जा रहा है कि आने वाले 2 दिनों में घग्घर नदी में पानी की आवक बढ़ सकती है। घग्घर नदी में बढ़ते पानी की आवक के मद्देनजर प्रशासन भी सतर्क है।

विधायक संतोष बावरी ने बताया कि गत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष का घग्घर नदी में पानी अधिक आ रहा है और उम्मीद जताई जा रही है कि घग्घर नदी का पानी भी भेड़ताल तक जरूर पहुंचेगा। विधायक ने बताया कि आज बहाव क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए ग्रामीणों से अपील की है कि घग्घर नदी में तेज बहाव को देखते हुए

- **दो दिन में और बढ़ सकती है पानी की आवक, विधायक संतोष बावरी ने किया निरीक्षण**

सावधानी बरतें और अनावश्यक रूप से बंधे ना लगाए। विधायक ने बताया कि प्रशासन को भी निर्देश दिए हैं कि प्रशासन अलर्ट मोड पर रहे, आपातकालीन स्थिति में प्रशासन सतर्क रहते हुए उचित व्यवस्था करें। विधायक ने बताया कि हालांकि जितना पानी अब घग्घर नदी में चल रहा है उससे किसी भी तरह का जान माल का नुकसान नहीं हो सकता मगर पानी बढ़ने की संभावना प्रबल है।

मौके पर पहुंचे किसानों ने बताया कि घग्गर नदी का पानी अनूपगढ़ के किसानों के लिए वरदान साबित होता है। उन्होंने बताया कि इससे जमीन काफी उपजाऊ बनती है और इस बार जो घग्घर नदी का पानी आया है वह अधिक मात्रा में है इसलिए किसानों को अधिक पैदा होने की संभावना है।

उपखंड अधिकारी प्रियंका तलानिया ने बताया कि घग्घर नदी में पानी की बढ़ती संभावना के मद्देनजर सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे दिए गए हैं। प्रशासन की पहली प्राथमिकता रहेगी कि घग्घर नदी के पानी में किसी भी तरह का जान व माल का नुकसान न हो।

## फायरिंग मामले में चार गिरफ्तार

**कोटा, (निसं)।** प्लानिंग में रास्ता नहीं देने के विवाद में प्रॉपर्टी डीलर पर फायरिंग करने के चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से वारदात में काम मे ली गई दो पिस्टल, कार और बाइक बरामद की है। गिरफ्तार सभी आरोपी कैथून थाना क्षेत्र के निवासी है। इनमें कदीर बाबा व शाहिद हुसैन उर्फ यस पिता पुत्र है। डीएसपी गजेंद्र सिंह ने बताया कि शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अब्दुल कदीर उर्फ बाबा, अजरुदीन उर्फ अल्लू, शाहिद हुसैन उर्फ यस व इरशाद निवासी कैथून थाना क्षेत्र को गिरफ्तार किया।

## प्रेमी युगल ने तालाब में छलांग लगाई, दोनों की मौत

**जोधपुर, (कासं)।** ओसियां तहसील स्थित डाबड़ी गांव में आज सुबह तालाब में प्रेमी युगल के शव मिले। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे और पहचान की। शवों को बाद में अस्पताल की मोर्चरी में भिजवाया गया।

ओसियां वृताधिकारी मदनलाल ने बताया कि सुबह सूचना मिली कि डाबड़ी गांव के तालाब में एक युगल का शव पड़ा है। इस पर पुलिस वहां पहुंची। मौके पर मोबाइल मिला जिसके आधार पर मृतक युवक की पहचान मतोड़ा निवासी जागनाथ के रूप में की गई। जबकि लड़की डाबड़ी गांव की है। रविवार की शाम को युवक जागनाथ को लोगों ने गांव में देखा था। संभवतः शाम छह बजे के बाद उन लोगों ने खुदकुशी की है। आरंभिक पड़ताल में मामला प्रेम प्रसंग का प्रतीत हुआ है। दोनों ने खुद को दुपट्टे से कमर तक बांधा और फिर छलांग लगाई है। हाथ व पैर खुल हो रखे हैं। मामले में कोई शक जाहिर नहीं हो रही। पूरा मामला सुसाइड का लग रहा है। शवों को कार्रवाई के लिए ओसियां चिकित्सालय भिजवाया गया। इधर इस घटना की जानकारी गांव में फैलते ही ग्रामीण तालाब की तरफ एकत्र होने लगे।

# बनास नदी की पुलिया से निकलते वाहनों को पकड़ा



माण्डलगढ़ के बीगोद में उफान पर आई बनास नदी की पुलिया पार करते वाहन चालक।

**माण्डलगढ़, (निसं)।** माण्डलगढ़ उपखण्ड क्षेत्र के बीगोद कस्बे में बनास नदी पुलिया पर सोमवार को एक फीट से उपर पानी चल रहा था। उफान मारती नदी और पुलिया पर जान जोखिम में डाल कर ग्रामीण बाइक और पैदल निकल रहे थे। उसी दौरान तहसीलदार राजीव बड़गुर्जर पुलिया का निरीक्षण करने पहुंच गए।

पुलिया पर जान जोखिम में डाल निकलते लोगों को देखकर तहसीलदार गुस्सा हो गए और बाइक जब्त करने की कार्रवाई शुरू कर दी। पैदल पुलिया पार कर आए लोगों को जमकर लताड़ा। वहीं मौके पर पुलिस जाब्ता भी तैनात नही था। तहसीलदार ने बीगोद थाना अधिकारी दिलीप सिंह को फोन कर तुरंत जाब्ता भेजने के निर्देश दिए। बीगोद थाने से पुलिस जाब्ता के मौके कर तहसीलदार द्वारा पकड़ी गई मोटरसाइकिलों को पुलिस को सुपुर्द किया और बनास नदी की पुलिया से गुजरने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और पुलिया के दोनों ओर पुलिसकर्मी हर वक्त तैनात रहने के निर्देश दिए।

## राजस्व मण्डल, अजमेर की सर्किट बैंच ने जोधपुर में कार्य शुरू किया

**जोधपुर, (कासं)।** राजस्थान हाईकोर्ट एडवोकेटस् एसोसियेशन, जोधपुर ने राजस्व मण्डल राजस्थान, अजमेर की सर्किट बैंच के जोधपुर में पांच दिवस सुनवाई शुरू होने पर हर्ष प्रकट किया है। महासचिव गिरधरसिंह भाटी ने बताया कि राजस्व मंण्डल राजस्थान, अजमेर की सर्किट बैंच जो कि राजस्थान उच्च न्यायालय के आदेशानुसार जुलाई माह में पांच दिवस यथा 24 से 28 जुलाई तक जोधपुर संभाग के राजस्व से संबंधित मामलों की सुनवाई करेगी।

अध्यक्ष रणजीत जोषी ने बताया कि पूर्व में राजस्व मण्डल की सर्किट बैंच जोधपुर में अल्प समय के लिए ही आयोजित होती थी तथा पिछले काफी समय से सर्किट बैंच के जोधपुर में आयोजन को रदद् कर दिया गया था। जिससे जोधपुर सहित सम्पूर्ण जोधपुर संभाग के राजस्व के मामालों में वृद्धि होने से एवं संभाग के मामलों के निस्तारण के लिए अजमेर जाने के लिए अधिवक्ताओं एवं मुवकिलों को विवश होना पडता था। जिससे अनावश्यक रूप से समय व धन की बर्बादी होती थी। उक्त परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए राजस्थान हाईकोर्ट एडवोकेटस एसोसियेशन, जोधपुर द्वारा राजस्थान उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर कर राजस्व मंडल राजस्थान की स्थाई बैंच जोधपुर में स्थापित किये जाने की मांग गई। जिससे वैकल्पिक तौर पर राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा जोधपुर में प्रत्येक माह में पांच दिवस के लिए सर्किट बैंच के आयोजन के आदेश पारित किये गये थे।

जिसकी पालना में राजस्व मंण्डल राजस्थान अजमेर की सर्किट बैंच जुलाई आज से पांच दिवस के लिए आयोजित की जा रही हैं। जिसमें एस.बी एवं डी.बी. के लंबित मामलों की सुनवाई की जायेगी एवं अधिवक्ताओं एवं मुवकिलों को राहत प्राप्त होगी। राजस्व मंण्डल राजस्थान की सर्किट बैंच जोधपुर में लगाये जाने की राजस्थान हाईकोर्ट एडवोकेटस एसोसियेशन, जोधपुर ने हर्ष प्रकट करते राज्य सरकार का आभार प्रकट किया। सोमवार को आयोजित बैठक में अध्यक्ष रणजीत जोशी, उपाध्यक्ष गोकुलेश बोहरा, महासचिव गिरधरसिंह भाटी, सह-सचिव दीपक थानवी, पुस्तकालय-सचिव माया गहलोत, कोषाध्यक्ष देवाराम चौधरी उपस्थित रहे।

# हमीद खान मेवाती का मेवात की जनता ने स्वागत किया

**जयपुर।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा राजस्थान के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष हमीद खान मेवाती का कामां आगमन पर गांव-गांव में कस्बा गोपालगढ, पहाड़ी कामां में भाजाप के कार्यकर्ताओं द्वारा एवं प्रमुख गणमान्य नागरिकों, आमजन द्वारा स्वागत किया गया।

मेवाती का जगह-जगह फूल-मालाओं, साफा पहनाकर एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत और सम्मान किया गया तथा मेवात की जनता ने मेवात क्षेत्र से पहली बार हमीद खान मेवाती जैसे कार्यकर्ता को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा का प्रदेशाध्यक्ष बनाने के लिए भाजपा को भी धन्यवाद एवं आभार जताया। मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष हमीद खान मेवाती ने किये गये स्वागत के लिए मेवात की जनता को धन्यवाद दिया एवं विश्वास दिलाया कि आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा सत्ता में आई तो मेवात क्षेत्र का विकास करेंगे। इसलिए मेवात में भाजपा को विजयी बनाने में मेवात की जनता पूर्ण समर्थन करें। कामां पहुंचे पर कामां शहर भाजपा मण्डल अध्यक्ष प्रदीप गोयल की अध्यक्षता में भाजपा एवं मोर्चा पदाधिकारियों की बैठक समपन्न हुई।

- **भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा राजस्थान के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष है हमीद खान मेवाती**
- **भाजपा सत्ता में आई तो मेवात का होगा विकास : मेवाती**

बैठक में मुख्य अतिथि मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष हमीद खान मेवाती ने अपने उद्बोधन में भाजपा मोदी सरकार के 9 साल बेमिसाल, गरीब कल्याणकारी योजना, अल्पसंख्यक जनकल्याणकारी योजना एवं उपलब्धियों को विस्तार से बताया और आगामी 27 जुलाई, 2023 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सीकर में आयोजित जनसभा में सभी कार्यकर्ताओं का पहुंचने का आव्हान किया। इस मौके पर मेवाती ने कहा कि राजस्थान प्रदेश में भाजपा की मजबूत सरकार बन ही रही है, लेकिन आप सभी यह संकल्प लें कि अबकी बार हर हाल में कामां विधानसभा में कमल खिलायेंगे। मेवाती ने कांग्रेस की अशोक गहलोत सरकार की नाकामियों को भी जनता के सामने बताया। वर्तमान विधायक एवं राज्यमंत्री ने अपने परिवार का ही विकास किया है और कामां की जनता को लूटने का काम किया, जिसको इस चुनाव में कामां की जनता सबक सिखायेगी।

मेवाती ने कहा कि कांग्रेस की गहलोत सरकार के चलते राजस्थान प्रदेश में ना बिजली है, ना पानी है, ना सड़क हैं, ना सुरक्षा, ना स्वास्थ्य की कोई व्यवस्था नहीं है। पहले से ही झूठ बोल कर सत्ता में आई कांग्रेस ने किसानों का अब तक सम्पूर्ण कर्जमाफ भी नहीं किया, लेकिन अब महंगाई राहत कैंप लगाकर ढोंग रच कर प्रदेश की भोली-भाली जनता को गुमराह करने का काम कर रही है, परन्तु जनता अब इनके झांसे में नहीं आयेगी और आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को सत्ता से बेदखल करेगी। मेवाती ने कहा कि भाइयों अब कमर कस लो, अब वह वक्त आ गया है कि कांग्रेस को सबक सिखाना है, भारतीय जनता पार्टी की मजबूत सरकार बनाना है और कामां में भी कमल खिलाना है।

# कोजरा-नांदिया के रास्ते में बजरी का डम्पर फंसा

**पिण्डवाड़ा, (निसं)।** समीपवर्ती ग्राम कोजरा-नांदिया के बीच रास्ते में अवैध बजरी परिवहन करता डम्पर फंस गया, जिससे रास्ता अवरूद्ध हो गया।

कोजरा-नांदिया व नांदिया-आरासणा रोड पर पर अवैध रूप से ओवरलोडिंग बजरी के डम्परों के आवागन से सड़क व रपटें पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। रपट व सड़क क्षतिग्रस्त होने सार्वजनिक निर्माण विभाग को करोड़ों रूपये का नुकसान हुआ है। वहीं सोमवार को नांदिया के समीप अवैध रूप से ओवरलोडिंग बजरी परिवहन करते हुए डम्पर फंस गया। डम्पर फंसने से रास्ता अवरूद्ध हो गया। जिससे ग्रामीणों की मौके पर भीड़ लग गई। ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन के विरूद्ध आक्रोश प्रकट किया। वही जब खनन विभाग के सहायक अभियंता चन्दन कुमार को अवैध बजरी परिवहन की सूचना दी, तो कार्यवाही करने के बजाय यह उत्तर दिया कि सरकार को रिपोर्ट भेजेंगे।

एसडीएम पिण्डवाड़ा हंसमुख कुमार ने बताया कि बजरी के अवैध परिवहन की जानकारी नहीं है, मैने खनिज विभाग के अधिषाशी अभियंता से चर्चा करता हूं। खनिज विभाग सिरोही के अधिशाषी अभियंता चंदन कुमार ने बताया कि बजरी पर दो माह के लिए परिवहन पर रोक लगी हुई है, फिर भी अवैध रूप से परिवहन की जा रही है तो कार्यवाही के लिए रिपोर्ट बनाकर सरकार को भेजी जायेंगी। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश सदस्य रतनलाल गरासिया ने बताय कि स्थानीय प्रशासन द्वारा अवैध बजरी परिवहन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाकर नांदिया-आरासणा व कोजरा नांदिया मरम्मत कार्य नहीं किया गया तो सात दिन के बाद उपखण्ड कार्यालय का घेराव पर जन आन्दोलन किया जायेगा।

## विवाहिता ने फांसी लगाई

**निवाई, (निसं)।** रेलवे स्टेशन के समीप विजय नगर कॉलोनी में रविवार की रात 23 वर्षीय एक विवाहिता ने फांसी के फंदे से झूल कर आत्महत्या कर ली। पड़ोसियों की सूचना पर प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक कृतिका यादव घटनास्थल पर पहुंची और मृतका के शव को फन्दे से उतरवा कर कब्जे में लेकर स्थानीय राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया। इसके बाद उपाधीक्षक कृतिका यादव ने मृतका के पीहर पक्ष को सूचना दी। उन्होंने बताया दोपहर 1 बजे सूचना मिली कि रेलवे स्टेशन समीप स्थित विजय नगर कॉलोनी में एक विवाहिता ने आत्महत्या कर ली है। मृतका कृष्णा बैरवा उम्र 23 वर्ष पत्नी संजय बैरवा निवासी विजय नगर कॉलोनी है। मृतका का पति जयपुर में राजमिस्त्री का कार्य करता है और सास-ससुर व उसका पति घटना के समय घर पर मौजूद नहीं थे। मृतका का विवाह 18 मई 2019 में हुआ था।

# बाइक चोर गिरोह के दो जने गिरफ्तार, किशोर डिटेन

## पुलिस ने 12 मोटर साईकिलें व तीन स्कूटी बरामद की

**बांसवाड़ा, (निसं)।** पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले में संपत्ति संबंधी अपराधों की रोकथाम एवं अपराधियों की धरपकड अभियान के दौरान पुलिस ने मोटर साईकिल चोर गिरोह के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। वहीं विधि से संघर्षरत किशोर को डिटेन कर 12 मोटर साईकिलें व 3 स्कूटी बरामद की है। जिला पुलिस अधीक्षक अभिजीत सिंह ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कानसिंह भाटी के निर्देशन में उप अधीक्षक सूर्यवीर सिंह राठौड के नेतृत्व में टीम गठित की गयी।

एसपी सिंह ने बताया कि 22 जुलाई को नारायण पुत्र मनोहर चरपोटा निवासी अंकलेश्वर की मोटर साईकिल कागदी पिकअप से चोरी हो गयी एवं सोमिल पुत्र रोशन निवासी आजाद चौक की स्कूटी चोरी हो गयी थी, जिस पर



कोतवाली थाना पुलिस की गिरफ्त में आये बाइक चोर गिरोह के दो अभियुक्त।

कोतवाली थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया। पुलिस टीम ने जगह-जगह दबिश दी। इस दौरान सूचना मिली कि शाहबाज खान पुत्र अब्दुल कय्युम निवासी जिला कारागृह के पास तथा अरशद खान पठान पुत्र शेर खान निवासी मदार कॉलोनी शहर में मोटर साईकिलें बेचने की फिराक में घूम रहे हैं जिस पर पुलिस ने दोनों को पकडा। आरोपियों से पूछताछ करने पर शाहबाज एवं शेर खान ने विधि से संघर्षरत किशोर से मिलकर जिले में अलग-अलग जगहों से बाईक चोरी की घटनाएं स्वीकार की। पुलिस ने आरोपियों से 12 मोटरसाईकिलें व तीन स्कूटी बरामद की।

पुलिस ने शाहबाज से शहर के अलावा मध्यप्रदेश के रतलाम, सैलाना, जिले के थाना दानपुर, गढी एवं सदर थाना क्षेत्र से चोरी की गयी सात मोटर साईकिलें व एक स्कूटी बरामद की वहीं अरशद खान से रतलाम, जिले के थाना गढी क्षेत्र से चोरी की गयी दो स्कूटी व तीन मोटर साईकिल तथा विधि से संघर्षरत किशोर से एक स्कूटी बरामद की। पुलिस टीम में सहायक उपनिरीक्षक अब्दुल मुनाफ व विवेकभान सिंह, कांस्टेबल पृथ्वीपाल सिंह, भानुप्रताप सिंह व पवन कुमार सभी थाना कोतवाली शामिल रहे। पुलिस अधीक्षक सिंह ने बताया कि मोटर साईकिलें बरामद करने में कांस्टेबल पृथ्वीपाल एवं भानुप्रताप सिंह का विशेष योगदान रहा।